# उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड

**U.P. POWER CORPORATION Ltd.**

(उत्तर प्रदेश सरकार का उपक्रम)

"शक्ति भवन", 14–अशोक मार्ग, लखनऊ

CIN:U32201UP1999SGC024928

**संख्याः– 1874– अ0प्र0–07/पा0का0लि0/2016** **दिनांकः 07 अप्रैल, 2016**

## नोटिस

**विषयः– श्री निसार अहमद (90003), सहायक अभियन्ता (सम्प्रति अधिशासी अभियन्ता) की वरिष्ठता पुनर्निर्धारित किए जाने के विरूद्ध प्रतिवेदन।**

श्री निसार अहमद (90003), तत्कालीन सहायक अभियन्ता (सम्प्रति अधिशासी अभियन्ता) की कारपोरेशन के कार्यालय ज्ञाप संख्या– 268/अ0प्र0–07/पा0का0लि/08–9–अ0प्र0–07/97 दिनांक–04/03/2008 द्वारा क्रम संख्या 01 पर निर्धारित वरिष्ठता को , 'उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद सेवक ज्येष्ठता विनियमावली 1998' में विहित प्रविधानों के दृष्टिगत, उनकी उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद में सहायक अभियन्ता (प्रशिक्षु) के रूप में विद्युत सेवा आयोग द्वारा सम्पादित चयन प्रक्रिया के उपरान्त कार्यालय ज्ञाप संख्या– 1164/SEB/20-K-VII/85 दिनांक–07/03/88 द्वारा निर्गत मेरिट सूची के क्रम संख्या– 70 पर उनका नाम अंकित होने के कारण, क्रम संख्या–69 पर उल्लिखित श्री अनिल कुमार तिवारी (88156) एवं क्रम संख्या– 71 पर उल्लिखित श्री सौरभ (88114) के बीच में निर्धारण हेतु, प्रोन्नति कोटे के समायोजन के उपरान्त, कार्यालय ज्ञाप संख्या– 3003–अ0प्र0–07/पा0का0लि0/2002–40अ0प्र0–07/94 दिनांक–18/11/2002 द्वारा घोषित अंतिम पारस्परिक वरिष्ठता सूची में क्रम संख्या 99 पर वर्णित श्री अनिल कुमार तिवारी (88156), तथा क्रम संख्या 100 पर वर्णित श्री जहीर अहमद (प्रो0) (88217), के पश्चात क्रम संख्या 101 पर वर्णित श्री सौरभ (88114) से ठीक पूर्व क्रम संख्या 100A पर श्री निसार अहमद (90003) को व्यवस्थित किया जाना प्रस्तावित है।

उपरोक्त प्रस्तावित वरिष्ठता पुनर्निर्धारण के विरूद्ध, इससे प्रभावित होने वाले किसी अभियन्ता को यदि कोई आपत्ति हो तो इस पत्र के निर्गमन की तिथि से 10 दिन के भीतर अर्थात दिनांक **16/04/2016 अपरान्ह् 05 बजे** तक समुचित आधार का उल्लेख करते हुये अपना प्रतिवेदन अपर सचिव–द्वितीय के ई–मेल (as2uppcl@gmail.com) पते पर उपलब्ध करा सकता है।

(प्रमोद कुमार सिंह)
उपसचिव–07